

## अध्यक्ष  एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

एनएचपीसी
NHPC

**1 जनवरी, 2024**

**प्रिय साथियो,**

जैसा कि हम सभी एक नए वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, मैं पिछले वर्ष के दौरान प्रत्येक कार्मिक द्वारा एनएचपीसी को दिए गए योगदान के लिए उनकी हार्दिक सराहना करता हूँ। नव वर्ष का प्रारंभ हो गया है, और यह हमें स्वयं का पुनरावलोकन करने और उन क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर देता है जहां हम और बेहतर कर सकते थे। इस वर्ष भी हमारे सामने नई चुनौतियाँ और प्रतिबद्धताएँ आएंगी। अत:, हमें अधिक उत्साह और समर्पण से कार्य करने के संकल्प के साथ इस वर्ष की शुरुआत करनी चाहिए ताकि हम समयबद्ध तरीके से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। एनएचपीसी प्रबंधन ने सदैव अपने कार्मिकों को महत्व दिया है और इसे ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष के दौरान कार्मिक संबंधी अनेक लाभपूर्ण पहलों का शुभारंभ और अन्य सुधारात्मक उपाय किए गए हैं।

एनएचपीसी के लिए वर्ष 2023, एक महत्वपूर्ण वर्ष था इस वर्ष हम पार्बती-II परियोजना की 31.5 किमी लंबी हेड रेस टनल की डे लाइटिंग करने में सफल हुए थे। पिछले वर्ष हमारी जिजीविषा और प्रतिबद्धता की परीक्षा भी हुई थी क्योंकि उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के फटने के कारण आई अप्रत्याशित बाढ़ से तीस्ता बेसिन में स्थित हमारे पावर स्टेशन/परियोजनाएं प्रभावित हुई थी। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में आपकी कड़ी मेहनत देखकर मुझे बहुत गर्व की अनुभूति होती है। मुझे आशा है कि हमारी क्षतिग्रस्त साइटों को समय पर पुनुरुद्धार करके पुन: चालू कर दिया जाएगा।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सबसे बड़ी परियोजना अर्थात  2880 मेगावाट की दिबांग बहुद्देशीय परियोजना में दिसंबर, 2023 के दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियां शुरू हो गई हैं। हमने दिनांक 04 दिसंबर, 2023 को डायवर्जन टनल आउटलेट पोर्टल की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया है और दिनांक 07 दिसंबर, 2023 को पावर हाउस की मुख्य एक्सेस टनल -1 की खुदाई के लिए पहला विस्फोट भी सफलतापूर्वक किया गया है। श्री बिश्वजीत बासु, तत्कालीन निदेशक (परियोजनाएं) द्वारा दिनांक 4 दिसंबर, 2023 को एनएचपीसी चिमिरी कॉलोनी में दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के 30 कमरों वाले 'कार्यपालक फील्ड हॉस्टल' और 'प्रशासनिक भवन' के निर्माण की आधारशिला भी रखी गई है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बोली प्रक्रिया के सफल समापन के परिणामस्वरूप, एनएचपीसी ने "भारत में कहीं भी आधार पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़ी 3000 मेगावाट आईएसटीएस (इंटर स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम) के विकास" के लिए दिनांक 07 दिसंबर, 2023 को 08 सफल बोलीदाताओं को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी किया है। एनएचपीसी द्वारा उक्त बोली प्रक्रिया में 250 मेगावाट के लिए 2.52 रु. /यूनिट और 2750 मेगावाट के लिए 2.53 रु. /यूनिट टैरिफ प्राप्त हुआ है।

इसके अतिरिक्त, 16 दिसंबर 2023 को श्री बिश्वजीत बासु, तत्कालीन निदेशक (परियोजनाएं) के नेतृत्व में एनएचपीसी टीम द्वारा माननीय विद्युत मंत्री, त्रिपुरा सरकार के साथ हुई एक बैठक के आलोक में, त्रिपुरा पावर जनरेशन लिमिटेड ने 20 दिसंबर, 2023 को त्रिपुरा सरकार द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड को 04 पंप भंडारण परियोजनाओं आवंटित की है। लॉन्गथराई, सुनीतिपुर, शांतिपुर और सखान परियोजनाओं का आवंटन विस्तृत सर्वेक्षण, अन्वेषण कार्यों और उनकी तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर क्रियान्वित करने के लिए एनएचपीसी को सौंपी गई हैं।

एनएचपीसी और ओएनजीसी के बीच "पंप हाइड्रो स्टोरेज और अन्य नवीकरणीय परियोजनाओं की खोज और विकास में सहयोग"  के लिए दिनांक 16 दिसंबर, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एनएचपीसी ने अपने चुटक पावर स्टेशन, कारगिल के पास ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन विकसित करने का कार्य मेसर्स जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को सौंपा है। इस पायलट प्रोजेक्ट में प्रति दिन 40 किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए 500 किलोवाट ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र और इलेक्ट्रोलाइज़र और डिस्पेंसिंग स्टेशन शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट कारगिल का पहला ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन होगा एवं यह भारत के सबसे दूरस्थ स्थानों में से एक में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगा।

एनएचपीसी के लिए वर्ष 2023 की समाप्ति ख्यातिपूर्ण उपलब्धियों के साथ हुई है। एनएचपीसी को दिनांक 29 दिसंबर 2023 को मुंबई में आयोजित “प्रकाशमय 16वें एनर्शिया अवार्ड 2023- भारत एवं दक्षिण एशिया का पुरस्कार” के अंतर्गत सतत ऊर्जा, बिजली और नवीकरणीय क्षेत्र में "भारत का सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम" पुरस्कार प्रदान किया गया है। माह दिसंबर 2023 के दौरान राजस्व संग्रह 814.17 करोड़ रुपए और दिसंबर 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7857.30 करोड़ रुपए रहा। माह दिसंबर 2023 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 19474.9 मिलियन यूनिट रहा।

**इस माह की अन्य प्रमुख विशेषताएं हैं:**

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा दिनांक 28 दिसंबर 2023 को एनएचपीसी संपर्क कार्यालय, कोलकाता का राजभाषा निरीक्षण किया गया।
- भारत को वस्तुतः एक डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने में एनएचपीसी के प्रयासों और प्रतिबद्धताओं के लिए दिनांक 07 ,दिसंबर 2023 को 'गवर्नेंस नाउ इंडिया पीएसयू आईटी अवार्ड 2023' से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक डॉ. उदय एस. निर्गुडकर, डॉ. अमित कंसल और श्री पी.के. गोवर्धनन ने दिनांक 17 दिसंबर 2023 को सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और समीक्षा बैठक की।
- श्री आर. पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी) ने दिनांक 28 दिसंबर 2023 को एनपीटीआई, फरीदाबाद में इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन कार्यक्रम में एनएचपीसी के प्रशिक्षु अधिकारियों के पहले बैच के साथ परिचर्चा की।
- सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त), एनएचपीसी ने थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट गेम्स 2023 में भाला फेंक और शॉट पुट में स्वर्ण पदक और डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता। एनएचपीसी परिवार सुश्री ए. नलिनी को उनके उत्कृष्ट हरफनमौला प्रदर्शन के लिए बधाई देता है।

संगठन को बहुमूल्य सेवाएं प्रदान करने के बाद दिनांक 31.12.2023 को श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री एस. पी. मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक (आर्बिट्रेशन) और श्री एस. एन. उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त) एनएचपीसी की सेवाओं से सेवानिवृत्त हो गए हैं। एनएचपीसी परिवार की ओर से, मैं उनकी सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं और उनके स्वस्थ और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना करता हूं।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को सुखद और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। इस नए वर्ष की शुरुआत करते हुए आइए हम सब एक टीम के रूप में मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हों और अपने निर्धारित लक्ष्यों में अधिक महत्व देते हुए और पेशेवर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। नववर्ष 2024 में एनएचपीसी प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयां छूते हुए विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करे।

**आपका**

**(आर.के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**